## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**28 अगस्त** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के एक सौ पचास केन्द्रों सहित देश के पन्द्रह सौ संस्थानों के युवाओं से किया खेलो इंडिया संवाद। कहा– सरकार आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने के लिये प्रतिबद्ध।
- नेपाल बाढ़ में फंसे भारतीय नागरिकों का पता लगाने और बचाने के प्रयास तेज। प्रदेश सरकार ने नेपाल में फंसे लोगों और सहायता चाहने वालों के लिए शुरू की हेल्पलाइन।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सौ सात स्टार्टअप्स और नौ इनक्यूबेटर्स को सौंपी प्रोत्साहन राशि। कहा– देश के अंदर तेजी से उभरने वाली अर्थव्यवस्था वाला राज्य है उत्तर प्रदेश।
- पारम्परिक हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है रक्षाबंधन का पर्व।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार इक्कीसवीं सदी के भारत की आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने कल खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि खेल विश्वविद्यालयों से लेकर आधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों तक, देशभर में खिलाड़ियों को हर स्तर पर सहयोग प्रदान करने के लिए खेल तंत्र विकसित किया जा रहा है।

***हमारी सरकार भारत में 21वी सदी का आधुनिक पॉश इकोसिस्टम बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज पॉश यूनिवर्सिटी से लेकर आधुनिक ट्रेनिंग सेंटर तक देश में एक ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है जिसमें प्रतिभा को पहचानने से लेकर उसे दुनिया के मंच तक पहुंचाने तक हर स्तर पर सहयोग मिले।***

यह कार्यक्रम देश भर में पन्द्रह सौ से अधिक स्थानों पर राष्ट्रीय खेल दिवस दो हजार छब्बीस के तहत मेरा युवा भारत ने आयोजित किया था। राजधानी लखनऊ के नौ अलग–अलग शैक्षणिक संस्थानों के अलावा प्रदेश के सभी पचहत्तर जिलों में एक सौ पचाास से अधिक केन्द्रों पर इसका आयोजन किया गया। लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय केजीएमयू में केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने के बाद उपस्थित युवाओं से संवाद किया और उन्हें खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

उधर, आगरा में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है।

***माननीय प्रधानमंत्री जी के नए उद्‌बोधन में कहा कि खेलो इंडिया भी लाल किले की प्राचीर से उन्होंने कहा था और अब खेल का विजन उन्होंने इस बार 15 अगस्त को बताया है और 2036 में एक प्रबल दावेदारी मेजबानी के लिए ओलंपिक के लिए की जाएगी और उसके लिए 36000 करोड़ का स्पोर्ट्स का बजट रखा है।***

बरेली के रुहेलखंड विश्वविद्यालय में युवा संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री बी.एल. वर्मा ने कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस के विकसित भारत में युवा ही अहम भूमिका निभाएंगे। सिद्धार्थनगर जिले में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह प्रयास देश के युवाओं में खेलो के प्रति नई ऊर्जा और विश्वास पैदा करने वाला है।

**********

भारत ने नेपाल में बाढ़ के कारण फंसे भारतीय नागरिकों का पता लगाने और उन्हें सुरक्षित निकालने के प्रयास तेज कर दिए हैं। नई दिल्ली में कल विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारतीय अधिकारी नेपाल प्रशासन के साथ मिलकर फंसे भारतीयों से संपर्क करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। श्री जायसवाल ने बताया कि भारत ने नेपाल में बचाव और राहत अभियानों में सहायता के लिए सैंतालीस टन से अधिक राहत सामग्री भेजी है।

***दो जहाज का हम लोगों ने सहायता नेपाल को पहुंचाया है। पहला जहाज उसके वहां दस टन करीबन रिलिफ मटीरियल लेके काठमांडू पहुंचा था, जिसमें की कम्बल, सोलर लैम्प, दवाईयां, हाइजीन किट्स और टेंट वगैरह इस प्रकार की चीजे हैं। दूसरा जहाज सी–17, इसमें 37 दशमलव पांच टन की सप्लाई जिसमें कि 28 दशमलव पांच टन रिलिफ आइटम्स और आठ टन दवाईयां और एक टन खानेद्पीने की सामग्री और जो भी मानवीय सहायता हो सकता है वह भी हम प्रदान करेंगे।***

विदेश मंत्रालय ने कल बताया कि नेपाल में बाढ़ के बाद दो सौ नब्बे भारतीय नागरिकों से संपर्क नहीं हो पाया है, जबकि चौरासी भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

इस बीच, उत्तर प्रदेश सरकार ने नेपाल में फंसे या सहायता चाहने वालों के लिए हेल्पलाइन एक हजार सत्तर शुरू की है। प्रभावित परिवार इस हेल्पलाइन के माध्यम से तुरंत जानकारी साझा कर सकते हैं।

नेपाल में फंसे प्रदेश के नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिये सरकार ने राहत और बचाव टीमों को सक्रिय किया है। बचाव अभियान के लिये एसडीआरएफ की एक प्लाटून भेजी गई है। इसके अलावा पीएसी की छब्बीसवीं बटालियन के बाइस जवानों को भी नेपाल भेजा गया है। राहत आयुक्त कार्यालय के कंट्रोल रूम से सीमावर्ती जिलों के हालात पर नजर रखी जा रही है।

उधर, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल–एनडीआरएफ ने कहा कि नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ से बिहार और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। एनडीआरएफ के महानिरीक्षक नरेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि प्रदेश के गोरखपुर जिले में बल की एक टीम तैनात की गई है।

***यूपी में कुशीनगर एरिया अफेक्ट होता है गोरखपुर के पास तो एक टीम वहां पर डायवर्ट कर दी गई थी। एक जो सीडब्ल्यूसी का भी इनपुट था कि उसका इफेक्ट बाल्मीकि नगर में बैराज है गंडक पर उसका जो पानी का डिस्चार्ज का फ्लो उसको मॉनिटर कर रहे है। फील्ड में अभी तक फ्लड का ज्यादा इम्पैक्ट नही पडा है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में स्टार्टअप नीति के तहत एक सौ सात स्टार्टअप्स को तीन करोड़ ब्यालीस लाख रुपये से अधिक और नौ इनक्यूबेटर्स को एक करोड़ उन्नयासी लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर 'उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति दो हजार छब्बीस' पुस्तिका का विमोचन और 'उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन पोर्टल' का शुभारंभ भी हुआ। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के अंदर तेजी से उभरने वाली अर्थव्यवस्था वाला राज्य है।

***हमने अपने प्रदेश के अंदर इन 9 वर्षों में यूपी की इकोनामी को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की। पर कैपिटा इनकम को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की। वूमेन वर्क फोर्स को उनकी भागीदारी को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की। बड़े उद्योगों को जिनकी संख्या मात्र 12000 थी। आज हम उसको लगभग तीन गुना करने में सफलता हमने प्राप्त की है।यह है नया यूपी जो अब पीछे हटने वाला नहीं। तेजी के साथ देश की सबसे तेजी के साथ उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित कर रहा है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक में प्रदेश में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश में भूमि अधिग्रहण तथा निविदा और विभागीय समन्वय से जुड़े लंबित कार्यों का तत्काल समाधान करके सभी परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए।

**********

भाई–बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार आज पारम्परिक हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने इस पवित्र पर्व पर अपनी सनातन सांस्कृतिक विरासत और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पित होने की अपील की है। प्रदेश सरकार ने रक्षाबंधन पर राज्य में महिलाओं को इस साल भी निशुल्क बस यात्रा की सौगात दी है। महिला यात्री कल से इस सुविधा का लाभ उठा रही हैं। महिलाओं को कल मध्य रात्रि तक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम और नगरीय बसों में एक सहयात्री के साथ निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है।

**********

रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह आज तीन दिवसीय लखनऊ दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। भाजपा के लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री कल बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे।

**********

सरकार ने प्याज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और कीमतों पर नियंत्रण के लिए बफर स्टॉक से प्याज की नियंत्रित बिक्री शुरू कर दी है। सरकार के मूल्य नियंत्रण बफर स्टॉक का प्याज पैंतीस रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेचा जा रहा है। उपभोक्ता कार्य विभाग की सचिव निधि खरे ने कल नई दिल्ली के कृषि भवन से प्याज की खुदरा बिक्री वाले वाहनों को रवाना किया। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ष यह सुनिश्चित करती है कि कीमतों में बढ़ोतरी होने पर रियायती दर पर प्याज उपलब्ध हो।

**********